आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 मई, 2023
www.azadsipahi.in


# आइएएस छवि रंजन का विवादों से रहा है पुराना नाता

## पेड़ काटने, रिश्वत मांगने और धमकी देने समेत लग चुके हैं कई गंभीर आरोप

**विधानसभा में पिछले वर्ष बजट सत्र के दौरान छवि रंजन की कार्यप्रणाली को लेकर हुआ था हंगामा, विधायक सीपी सिंह ने उठाया था मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइएएस छवि रंजन आखिरकार प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के हत्थे चढ़ गये। उनकी गिरफ्तारी चौंकाने वाली नहीं थी। अपने 14 साल के करियर में छवि रंजन ने जिस तरह की अपनी 'छवि' बना ली थी, उसमें कभी न कभी इस तरह के हालात का आना तय माना जा रहा था। सेना की भूमि समेत अन्य भूखंडों के फर्जीवाड़ा में फंसे छवि रंजन के खिलाफ पहले भी कई आरोप लग चुके हैं। वह हमेशा से विवादों में रहे हैं।

छवि रंजन झारखंड कैडर के 2011 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। अपने कारनामों के कारण शुरू से ही विवादों में रहे हैं। झारखंड विधानसभा के पिछले साल बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान विधायक सीपी सिंह ने आइएएस छवि रंजन के खिलाफ मामला उठाया था। उन्होंने छवि रंजन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। उस वक्त छवि रंजन रांची के उपायुक्त थे। सीपी सिंह ने आरोप लगाया था कि वे हथियार का लाइसेंस देने के लिए पैसे लेते हैं। इस पर विधानसभा में खूब हंगामा हुआ। सीपी सिंह के आरोपों पर राज्य सरकार के पूर्व मंत्री और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने अधिकारी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की मांग उठायी थी। इसके अलावा 2021 में एक संवेदक ने हथियार का लाइसेंस देने के बदले पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए तत्कालीन आयुक्त और रांची के तत्कालीन वरीय पुलिस अधीक्षक को शिकायत की थी। हालांकि बाद में वह इससे मुकर गया। इसके अलावा रांची में तैनाती के दौरान हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने इन पर धमकी देने का आरोप लगाया था। उन्होंने हाइकोर्ट में इसकी लिखित शिकायत भी की थी। हाइकोर्ट ने इसे लेकर उन्हें कड़ी फटकार लगायी थी। छवि रंजन पर लग रहे आरोपों के कारण सरकार ने 10 जुलाई 2022 में उनका तबादला समाज कल्याण विभाग के निदेशक पद पर कर दिया गया।

छवि रंजन के थोड़ा और पुराने मामले को देखा जाये तो 2015 में कोडरमा में उपायुक्त के पद पर तैनाती के दौरान मरकच्चो जिला परिषद डाकबंगला परिसर में लगे पेड़ों को काटने का आदेश देने का आरोप छवि रंजन पर लगा था। यह मामला विधानसभा में उठा तो खूब हंगामा हुआ। आरोपों के कारण राज्य सरकार ने उनका स्थानांतरण कर दिया गया था। इस मामले में एसीबी ने जांच की थी। एसीबी की पूछताछ में छवि रंजन के अंगरक्षक रहे कृष्ण वर्मा ने पूछताछ में इसे स्वीकार किया था। उसके मुताबिक छवि रंजन के आदेश पर तत्कालीन अंचलाधिकारी, दो चौकीदारों और दो स्थानीय लोगों की मौजूदगी में पेड़ काटे गये, जब मामले का खुलासा हुआ तो पेड़ दूसरे स्थान पर फेंक दिये गये। फिलहाल यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

छवि रंजन की 15 जुलाई 2020 में रांची के उपायुक्त पद पर तैनाती हुई। उपायुक्त बनने के बाद आरोपों का सिलसिला चालू हो गया। रांची में उपायुक्त के पद पर तैनाती के दौरान जमीन के दलालों और माफिया से मिलीभगत के आरोप छवि रंजन के खिलाफ लगे। सेना की जमीन की फर्जी खरीद-बिक्री मामले में तत्कालीन आयुक्त की जांच रिपोर्ट में भी इनके खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणी की गयी थी। चर्चा यहां तक थी कि छवि रंजन को महंगी शराब से लेकर कीमती मोबाइल तक उपहार के तौर पर मिले हैं। उन्होंने केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार मंत्रालय को दाखिल सूची में कुछ उपहार के सामानों को जिक्र भी किया है। इडी जमीन फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पिछली पूछताछ में आमने सामने भी कराया था। उन सभी ने छवि रंजन पर कई तरह के आरोप मढ़े थे। छवि रंजन पर इस मामले में लगे आरोप, उनसे 24 अप्रैल को हुई पूछताछ और प्राप्त दस्तावेज के आधार पर गिरफ्तारी पहले से ही निश्चित मानी जा रही थी, जिसे अंततः गुरुवार को 10 गंटे की पूछताछ के बाद इडी ने अंजाम दिया।

### बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर राज्य सरकार पर हमला बोला

रांची। छवि रंजन की गिरफ्तारी के बाद बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर राज्य सरकार पर हमला बोला है। ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि जमीन घोटालेबाज रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इडी द्वारा गिरफ्तार करने की खबर से यह उजागर हुआ है कि हेमंत राज में कैसे कागजात की हेराफेरीकर जमीन लूट के लिए सत्ता के साये में एक गिरोह का नेटवर्क काम करता था। मेरा दावा है कि इतने बड़े पैमाने पर हुए घोटाले में छवि रंजन अकेले नहीं है। उनके गोरखधंधे में दलाल, बिचौलियों और सत्ता से जुड़े लोगों के साथ ही पुलिस और प्रशसन के कई छोटे-बड़े लोग शामिल हैं, जो दिन के उजाले ही नहीं, रात के अंधेरे में भी जमीन लूटने का धंधा करवा कर लूट के माल में हिस्सा लेते थे।



# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और दीपक प्रकाश ने ट्रेड फेयर का किया भ्रमण



**मेगा ट्रेड फेयर बना रांची वासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर रांची वासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र बन गया है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मेगा ट्रेड फेयर के स्टॉल का भ्रमण किया। ट्रेड फेयर में खरीदारी करने के लिए रांची सहित अन्य जिलों के लोग भी पहुंच रहे हैं। गुरुवार को भी फेयर में लोगों का आना लगा रहा। प्रत्येक स्टाल में लोगों की भीड़ दिखी, जो अपनी जरूरत की चीजें खरीदारी करते नजर आये। घरेलू सामान, बच्चों के खिलौने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कालीन, सजावटी सामान की भी जमकर खरीदारी की जा रही हैं। गर्मी के कपड़ों सहित डिजायनर कपड़े महिलाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। फूड जोन में अनेक तरह के व्यंजनों का लुत्फ भी लोग उठा रहे हैं। मेले में प्रवेश शुल्क 20 रुपये है। ऑटो जोन में विभिन्न कंपनियों के कार को प्रदर्शित किया गया है। लोग इन कारों की जानकारी ले रहे हैं। फर्नीचर इंटीरियर हॉल में नाइटवेयर पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अलावा कॉटन क्राफ्ट में कई उत्पादों पर 20 प्रतिशत, बबलू फाउंटेन एवं सीकरी हैंडीक्राफ्ट में 20 प्रतिशत, नदीम मार्बल के स्टॉल पर 20 प्रतिशत तक का लाभ उठाया जा सकता है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि ट्रेड फेयर में आने वालों की रुचि दिख रही है।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन से मिले प्रवक्ता

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन मंजूर अंसारी से गुरुवार को प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने राज्य के सभी वर्ग के अल्पसंख्यकों की समस्याओं और उनका समाधान कैसे हो उस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मंजूर अंसारी के प्रदेश चेयरमैन बनने से राज्य के सभी वर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। मंजूर अंसारी अनुभवी और मंझे हुए राजनेता हैं। निश्चित तौर पर उनके राजनीतिक अनुभव से संगठन मजबूत होगा।

# वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के आवास पर भगवान महात्मा बुद्ध की जयंती को उत्सव के रूप में मनाया

## झारखंड लोक सेवा आयोग में पाली भाषा को सम्मिलित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के बरियातू स्थित आवास पर भगवान महात्मा बुद्ध की जयंती को उत्सव के रूप में मनाया गया। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने सपरिवार पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव, पुत्री निशा उरांव, दामाद आशीष सिंघमार, सचिव रंजीत सिन्हा के साथ पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू,मो. जिन्ना, ललित नारायण मिश्रा, छोटानागपुर बौद्ध सोसायटी के सैंकड़ों बुद्ध के अनुयायियों के साथ विधिवत भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर भक्तों ने नया वस्त्र पहनाया,108 दीप जलाये, दार्जिलिंग से आये दावा लामा, सोनम लामा, बुद्धा सागर लामा, थिम्पू लामा ने विधिवत पूजा अर्चना करायी। बौद्धि वृक्ष को खदा झंडे से सजाया गया।



इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध महानतम आध्यात्मिक गुरुओं में से एक थे। भगवान बुद्ध ने पूरी दुनिया को करुणा और सहिष्णुता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया, उनके द्वारा दिए गए उपदेश, संदेश और विचार मनुष्यों को नैतिक मूल्यों के अलावा संतोष पर आधारित जीवन जीने की दिशा में प्रेरणा करने के लिए प्रेरित करते हैं।

बोधगया से विशेष रूप से पधारे लामा डॉ पूर्णेन्दु प्रियदर्शी ने बोधगया का पवित्र जल प्रसाद के रूप में लेकर आये थे,साथ ही साथ पाली विषय के व्याख्याता होने के नाते डॉ पूर्णेन्दु ने झारखंड लोक सेवा आयोग में पाली भाषा को सम्मिलित करने की मांग वित्त मंत्री से की। पूजन कार्यक्रम में झारखंड गोरखा संगठन एवं छोटानागपुर सोसायटी के पदाधिकारी सुमन प्रधान, धीरज राय, ज्योति राई, नवनीत प्रधान परिणीता लामा, रत्ना गोथी, सपना राई, मुन्ना गुरुंग, कृष्णा लिंबू, इंद्र बहादुर गुरुंग, मिथिला सिंह राई, दीपाली राई, छाया थापा, माहेश्वरी राई मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स के कमांडिंग ऑफिसर का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में एनसीसी 3 'झारखंड गर्ल्स बटालियन' के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव कुमार और एडम.ऑफिसर मेजर मीनाक्षी ने विद्यालय की एनसीसी कैडेट अनन्या मंडल को थल सैनिक कैंप में राइफल शूटिंग में गोल्ड मैडल लाने और सफल संचालन के लिए प्राचार्य एसके मिश्रा से मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की संवाहिका है। हमें इस संस्था से हमेशा अपेक्षाकृत सहयोग मिलता है।

इस अवसर पर कर्नल राजीव कुमार ने एनसीसी '3-झारखण्ड गर्ल्स बटालियन' की कैडेट्स को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी का विशाल आयाम रोजगार का वृहद अवसर प्रदान करता है। अतःआप एनसीसी के नियमों का पालन करते हुए अनुशासित होकर अपनी पढ़ाई करें। मेजर मीनाक्षी ने गर्ल्स कैडेट्स को बताया कि विद्यालय में आयोजित खेल और विविध सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम आपके लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कैडेट्स को एनडीए में जाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। कर्नल राजीव कुमार और मेजर मीनाक्षी ने एएनओ थर्ड ऑफिसर अनुराधा सिंह के कुशल नेतृत्व को भी सराहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### परीक्षा संचालक ने सम्मानित किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा संचालक डॉ एके झा द्वारा छात्रा सृजन स्तुति प्रदर्शन और ललित कला विभाग, संगीत में कला के पा रास्नातक (गायन) को कार्यालय में उपाधि प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि विगत 2 मई को रांची विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह समाप्त हुआ। उसमें कई विद्यार्थियों ने अपनी डिग्री प्राप्त नहीं की। डॉ आशीष कुमार झा की पहल से विश्वविद्यालय में आकर छात्रा ने डिग्री प्राप्त की।

### सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने पित्त की थैली में हुए स्टोन को पहली बार लेजर विधि से निकाला

**रांची (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल की नयी बिल्डिंग के मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में एक महिला के पित्त की थैली में हुए स्टोन को पहली बार लेजर विधि से ऑपरेशन कर बाहर निकाला गया। महिला रांची के धुर्वा की रहने वाली है। चिकित्सकों ने गुरुवार को ऑपरेशन की प्रक्रिया पूरी की। यह ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। डॉ अजीत कुमार ने कहा कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति ठीक है। एक-दो दिन निगरानी में रखने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी जायेगी। इस ऑपरेशन में सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, एनेस्थीसिया के डॉ दीपक कुमार, डॉ विकास वल्लभ, ओटी असिस्टेंट सुशील, नंदनी, मोहित, नीरज, नर्स सविता और पूनम शामिल थीं।

### सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हरमू मैदान में किया जायेगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** सर्व उत्थान वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हरमू मैदान में 11 मई से 17 मई तक होगी। त्रिदंडी स्वामी महाराज के सेवक तपो मूर्ति संतसुंदर राज यति स्वामी महाराज के आशीर्वचन से 21 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। श्रीमन्नारायण प्रभु और महालक्ष्मी माता के अनुकंपा से यज्ञ प्रारंभ की स्थान पूजन एवं ध्वजारोहण वैशाख मास बुद्ध पूर्णिमा के पावन दिन शुक्रवार 5 मई को हरमू मैदान में स्वामी श्री सुंदर राज यति महाराज के सानिध्य में होगा। यज्ञ की व्यवस्था में समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, विकास कुमार सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा, संतोष मिश्रा, ओम प्रकाश जयसवाल, अभिषेक कुमार चौबे, पवन गोस्वामी, सुनील गोस्वामी, अरुण झा, लव सिंह, आकाश कुमार सिन्हा, अतुल सिंह, इंद्रजीत यादव, राधे कुमार, आशीष सिन्हा, सोनी कुमारी, मंजू सिंह, रूबी देवी, दीपक पाठक सहित अन्य लगे हुए है।

# स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

## रांची के पांच स्कूलों की 998 सीटों में होगा नामांकन, डीएसइ ऑफिस ने जारी किया आवेदन पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला के पांच स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। डीएसई कार्यालय ने आवेदन फॉर्म जारी कर दिया है। जिन पांच स्कूलों में नामांकन लिया जायेगा, वहां कुल 998 सीटें हैं। ये सीटें क्लास 6 से 11वीं तक में हैं। इन स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई कराई जायेगी। पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होगी।

डीएसई ऑफिस की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार छात्रों को जिस स्कूल में एडमिशन लेना है, वही आवेदन जमा करना होगा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई है। इस तारीख के बाद दिये गये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। बच्चों का एडमिशन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। यह परीक्षा विद्यालय स्तर पर होगी।

नामांकन से संबंधित प्रक्रिया में किसी भी तरह के संशोधन का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित होगा। वहीं एडमिशन में जिला चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

नोटिफिकेशन के अनुसार टीवीएस उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर में क्लास 6 से 11वीं तक की पढ़ाई होती है। यहां 11वी आर्ट्स की पढ़ाई होती है। इस स्कूल में गर्ल्स और ब्वायज दोनों का नामांकन लिया जायेगा। जिला स्कूल रांची में केवल ब्वायज का एडमिशन होगा। यहां इंटर स्तर पर आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स तीनों विषय की पढ़ाई होती है।

राजकीय बालिका उच्च विद्यालय बरियातू में केवल गर्ल्स का एडमिशन होगा। यहां भी इंटर स्तर पर आटर्स, साइंस और कॉमर्स की पढ़ाई होती है। मॉडल स्कूल कांके में गर्ल्स और ब्वायज दोनों का एडमिशन होगा। यहां केवल इंटर स्तर पर एडमिशन होगा। यहां आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स तीनों की पढ़ाई होगी।

### यहां होगा एडमिशन

टीवीएस उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर
अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ साहदेव जिला स्कूल
राजकीय बालिका उच्च विद्यालय बरियातू
कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नामकुम
मॉडल स्कूल कांके

### सीटों की संख्या

**टीवीएस उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर**
क्लास सिक्स : 40
क्लास सेवेन : 32
क्लास आठवीं : 15
क्लास नौवीं : 80
11 वीं आटर्स : 80

**जिला स्कूल**
क्लास सिक्स : 80
क्लास सेवेन : 65
क्लास आठवीं : 48
क्लास नौवीं : 13
11 वीं आटर्स : 80
11वीं साइंस : 80
11वीं कॉमर्स : 40

**राजकीय बालिका उच्च विद्यालय बरियातू**
क्लास सिक्स : 80
11 वीं आर्ट्स : 120
11वीं साइंस : 40
11वीं कॉमर्स : 40

**कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नामकुम**
क्लास सिक्स : 25

**मॉडल स्कूल कांके**
11 वीं साइंस : 40
11 वीं कॉमर्स : 40
11वीं आर्ट्स : 40

# गो फर्स्ट एयरलाइन के दिवालिया घोषित होने पर झारखंड हज कमेटी की हुई आपात बैठक

**हज कमेटी ऑफ झारखंड के चेयरमैन डॉ इरफान अंसारी ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र लिखा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** तीन साल के बाद हज की रौनक फिर से लौट रही है। हज यात्रा 2023 में अब कुछ ही दिन रह गए हैं संभवत 21 मई को रांची एयरपोर्ट से हज की पहली और सीधी उड़ान मदीना के लिए उड़ान भरेगी। बता दें, हज हाउस में गुरुवार को हज कमेटी की आपात बैठक हुई इसमें तमाम इंतजाम को लेकर चर्चा की गयी।

बैठक में हज कमेटी ऑफ झारखंड के चेयरमैन डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि इस बार कुल 2767 हज यात्री हज यात्रा पर जा रहे हैं। इनमें से 2376 रांची एयरपोर्ट से और 351 कोलकाता के माध्यम से उड़ान भरेंगे। उन्होंने कहा कि हज की तैयारी शुरू हो गयी है लेकिन एक परेशानी वाली खबर यह है कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने गो फर्स्ट एयरलाइन से करार किया है, जो दिवालिया घोषित हो गयी है। जिसका ऑपरेशन भी रुक गया है, जिसको लेकर वह बहुत चिंतित है। इस विषय पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र लिखा है।

डॉ इरफान अंसारी कहा कि लगभग 28 सौ जायरीनों ने हज यात्रा के एवज में साढ़े चार लाख रुपये के हिसाब से 126 करोड़ रुपये जमा करा चुके है। इनलोगों में यात्रा को लेकर असमंजस की स्थिति है। जल्द इसका निदान नहीं निकला तो वे खुद दिल्ली जायेंगे। इधर, डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि हज यात्रा मुसलमानों की सबसे पवित्र यात्रा है। दुनिया भर से करोड़ों हज यात्री हज के लिए मक्का में जमा होते हैं और फिर मदीना की यात्रा भी होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि इस मुद्दे पर राज्य सरकार की ओर से पहल की जाये। 8 मई को प्रोजेक्ट भवन में हज यात्रा को सफल बनाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलायी गयी है, जिसमें पुलिस और एयरपोर्ट अथॉरिटी का और कस्टम विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे।

### दुमका जेल से भारी सुरक्षा के बीच रामगढ़ कोर्ट पहुंचा गैंगस्टर

# रजरप्पा थाना के दो मामलों में गैंगस्टर अमन साहू की कोर्ट में पेशी

**सुरक्षा को लेकर छावनी में तब्दील हुआ कोर्ट परिषर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** दुमका जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू को कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार को रामगढ़ कोर्ट लाया गया। रामगढ़ कोर्ट में अमन साहू का दो मामले में पेशी हुआ। पेशी के बाद अमन को कड़ी सुरक्षा के बीच वापस दुमका जेल ले जाया गया।

**रजरप्पा थाना के दो मामलों में अमन की पेशी :** इधर पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर अमन साहू को रजरप्पा थाना कांड संख्या 2/2017 धारा 379 और कांड संख्या 112/2017 धारा 387, 120 बी में पेशी के लिए रामगढ़ कोर्ट लाया गया। जंहा एसडीजेएम गौतम कुमार के कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद बचाव पक्ष में अधिवक्ता अभिषेक कुमार और सरकार की ओर से एपीपी मंजु कच्छप ने अपनी अपनी दलीलें रखी। अमन साहू को चोरी और रंगदारी के मामले कोर्ट लाया गया था।

**रामगढ़ कोर्ट छावनी में तब्दील, सुरक्षा को लेकर सतर्क दिखी रामगढ़ पुलिस :** रामगढ़ कोर्ट पेशी को लेकर रामगढ़ पुलिस काफी सतर्क दिखी। सुबह से ही कोर्ट परिषर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनातगी कर दी थी। रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार के अगुआई में सुरक्षा व्यवस्था कमान पुलिस बल के जवान संभाल रहे थे। पेशी के बाद अमन साहू को दुमका जेल वापस भेज दिया गया।

# सीसीएल के निदेशक ने की सीएसआर संबंधी गतिविधियों की समीक्षा बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची में सीएसआर संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने की। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीएसआर), बाल कृष्ण सहित सीसीएल मुख्यालय और विभिन्न क्षेत्रों के सीडी संवर्ग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पाकदन के साथ-साथ अपने हितधारकों के समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सीएसआर के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमेशा से ही सीसीएल की प्राथमिकता रही है। श्री मिश्र ने सीएसआर योजनाओं को नवाचारयुक्त तथा सस्टेनेबल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि सीएसआर द्वारा न सिर्फ लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है, बल्कि इससे कंपनी की सामाजिक स्वीकार्यता भी बढ़ती है। बैठक में सीएसआर के माध्यम से चलायी जा रही योजनाओं के साथ-साथ भविष्य की प्रस्तावित योजनाओं पर भी चर्चा की गयी। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल द्वारा सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे सीसीएल के लाल और लाड़ली, जेएसएसपीएस इत्यादि का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसी तरह सेंट्रल लाइब्रेरी का निर्माण और रामगढ़ जिला में सेंट्रसलाइज्ड किचेन के अंतर्गत पोषणयुक्त मिड डे मील की व्यबस्था की जायेगी।

# गैंगस्टर अनिल शर्मा को आया हार्ट अटैक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गैंगस्टर अनिल शर्मा को गुरुवार को हार्ट अटैक आया है। जानकारी के मुताबिक रात 9 बजे के करीब उसको सीने में दर्द उठा था। इसकी खबर मिलते ही हजारीबाग जेल में खलबली मच गई. उसको आनन-फानन में हजारीबाग जेल में मौजूद मेडिकल वार्ड में लाया गया। जेल सूत्रों के मुताबिक डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसको हायर सेंटर में भेजने को कहा है। जानकारी मिल रही है कि हजारीबाग जेल के अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर ने इसकी जानकारी जेल आईजी और गृह विभाग को दे दी है। उन्होंने सिक्योरिटी मांगी है ताकि गैंगस्टर अनिल शर्मा को रिम्स लाया जा सके।

बता दें कि गैंगस्टर अनिल शर्मा पिछले कई वर्षों से जेल में बंद है। उस पर कई संगीन आरोप हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आये दिन उसको इस जेल से उस जेल शिफ्ट किया जाता रहता है. साल 2021 में उसे कड़ी सुरक्षा के बीच दुमका जेल से हजारीबाग जेल में शिफ्ट किया गया था। जब ने जेल में था उसी दौरान साल 2020 में उसकी मां का रांची में इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। उस आधार पर गैंगस्टर अनिल शर्मा को पैरोल मिला था और वह अपनी मां का अंतिम संस्कार करने रांची आया था। साल 2019 में पिता के निधन पर भी वह पैरोल पर अंतिम संस्कार में शामिल हुआ था।

गैंगस्टर अनिल शर्मा पिछले 24 वर्षों से जेल में बंद है। हजारीबाग जेल में गैंगवार की स्थिति उत्पन्न करने और तत्कालीन जेल अधीक्षक उदय कुमार कुशवाहा के साथ भिड़ंत की वजह से उसे दुमका जेल में शिफ्ट किया गया था। बाद में उसे फिर हजारीबाग जेल लाया गया। उसे हाई सिक्योरिटी सेल में रखा जाता है। दुमका जेल मेला जाने से पहले वह बिहार के हाजीपुर जेल में भी बंद था जहां उस पर हमला भी हुआ था। इस जेल से उस जेल शिफ्ट किया जाता रहता है।

# आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार विफल: आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। साढ़े तीन साल के कार्यकाल में झारखंड सरकार ने राज्य के विकास को अस्थिर कर दिया है। वहीं दूसरी ओर हेमंत सोरेन की सरकार में आपराधिक गतिविधियां दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। गुरुवार को ये बातें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा ने कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार तेजी से पनप रहा है। पिछले दिनों राज्य के सभी जिलों में एक साथ बालू के अवैध उठाव और परिवहन को लेकर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान सैंकड़ों की संख्या में अवैध बालू लदे हाइवा, डंपर और ट्रक पकड़े गये। इससे यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया न कर बालू के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है। आशा लकड़ा ने कहा कि मंगलवार और बुधवार को साहिबगंज, गुमला के बसिया प्रखंड, सिकिदिरी और लातेहार जिले के हेसला गांव में हुई घटना राज्य सरकार की लचर कानून व्यवस्था को बयां कर रही है। साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत चटकी गांव के बाहर घने जंगल में बुधवार को कई टुकड़ों में मानव अंग बरामद किये गये। पुलिस और मृतक के परिजनों के अनुसार क्षत-विक्षत शव लापता आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन का है। रांची जिले के सिकिदिरी थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। गुमला जिले के बसिया प्रखंड में बुधवार की सुबह गला रेत कर पांच वर्षीय बच्ची की हत्या कर दी गयी। लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड में मंगलवार की रात डायन-बिसाही का आरोप लगा कर गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडे से पीट-पीट कर वृद्ध दंपती की हत्या कर दी। फिर भी हेमंत सोरेन की सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार राज्यवासियों को विकास का दिवा स्वप्न दिखा रही है, जबकि हकीकत यह है कि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार पूरी तरह विफल है। उन्होंने कहा कि अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। लोग डरे-सहमे हुए हैं। अपराधियों के अंदर पुलिस का खौफ नहीं है। इसलिए राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है।

# सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल के केंद्रीय अस्पशताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शनिवार, 6 मई, 2023 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नयी दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की जांच और चिकित्सीय सलाह देंगे। निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय सलाह का सभी झारखंडवासी लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिपोर्ट/जांच के पेपर हो, तो उसे अवश्य अपने साथ लायें। सीएमडी पीएम प्रसाद के मार्ग निर्देशन में सीसीएल अपने कर्मचारियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल हरसंभव प्रयास करता रहा है, ताकि यहां के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के इलाज के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत न पड़े।

## आज पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को बेंगलुरु से रेस्क्यू कर रांची लाया जायेगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सार्थक पहल का परिणाम है कि मानव तस्करी के शिकार राज्य के गरीब और भोले- भाले बच्चे - बच्चियों को रेस्क्यू कराने में लगातार सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को रेस्क्यू कराया गया है । इन सभी बच्चियों को कल बेंगलुरु से रांची लाया जायेगा। ये सभी नाबालिग बच्चियां कल दोपहर 2.40 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेगी। ये सभी बच्चियां साहिबगंज और पाकुड़ जिले की रहने वाली हैं। ज्ञात हो कि मानव तस्करों द्वारा यहां के गरीब परिवार के बच्चे बच्चियों को नौकरी का झांसा देकर बड़े शहर में बेचने के कई मामले सामने आ चुके हैं । इस सिलसिले में बच्चे बच्चियों को रेस्क्यू और मानव तस्करों के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा गठित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट लगातार कार्रवाई कर रही है और इसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ रेस्क्यू कराए गए बच्चे बच्चियों के पुनर्वास की भी व्यवस्था सरकार के स्तर पर की गयी है।

## झारखंड में एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए बना सिक्योरिटी यूनिट स्पेशल ब्रांच के एसपी सुरक्षा के अधीन करेगा काम

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सभी एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए स्पेशल ब्रांच के अधीन एयरपोर्ट सिक्योरिटी यूनिट का गठन किया गया है। इस यूनिट के प्रमुख स्पेशल ब्रांच के एसपी (सुरक्षा) होंगे। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने इस संबंध में पुलिस आदेश जारी कर दिया है। झारखंड से सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा के लिए स्पेशल ब्रांच के अधीन एयरपोर्ट सिक्योरिटी यूनिट (एएसयू) बनाया गया है। एएमयू के प्रमुख विशेष शाखा के एसपी (सुरक्षा) होंगे। झारखंड पुलिस के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने इस संबंध में पुलिस आदेश जारी किया है। पुलिस आदेश के मुताबिक, राज्य पुलिस की सुरक्षा में देवघर, जमशेदपुर हवाई अड्डा का परिचालन हो रहा है। आने वाले समय में दुमका, बोकारो में भी एयरपोर्ट के परिचालन की संभावना है। ऐसे में सिविल एविएशन और एयरपोर्ट सिक्योरिटी की संवेदनशीलता को देखते हुए एएसयू बनाया गया है। राज्य पुलिस की सुरक्षा के अधीन आने वाले एयरपोर्ट में एएसयू स्वतंत्र रूप से काम करेगी। गौरतलब है कि एयरपोर्ट सिक्योरिटी यूनिट में झारखंड पुलिस के अलग-अलग विंग से अधिकारी और पुलिस के जवानों को शामिल किया गया है। उस संबंध में डीजीपी ने आदेश जारी किया है कि अलग अलग जिलों और इकाइयों से प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी अब विशेष शाखा के नियंत्री पदाधिकारी के अधीन काम करेंगे।

# रांची कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र प्रबंधन के खिलाफ दिया धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कदमा विस्थापित संघर्ष समिति की ओर से पूर्वाह्न 11 से 3 बजे तक रांची कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के मुख्य द्वार के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार महतो और संचालन राजेंद्र महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन के निदेशक डॉ एमएम पांडे और एचआर सुचारिता को पद से हटाया जाये और झारखंड से किसी योग्य पदाधिकारी को रखा जाये। भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश संगठन महासचिव हरिनाथ साहू ने कहा कि झारखंड सरकार की नियुक्ति नियमावली के विरुद्ध कैंसर हॉस्पिटल प्रबंधक के द्वारा पैसों का लेनदेन कर बाहरी लोगों को योग्यता के नाम पर भरने का काम किया जा रहा है, जबकि स्थानीय स्किल्ड कर्मियों को अयोग्य घोषित कर तृतीय औरचतुर्थ वर्गीय बहाली में भी छंटनी कर विस्थापितों और स्थानीय लोगों के हक अधिकार के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रबंधन की कार्यशैली को देखते हुए साफ लगता है कि नियुक्ति में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में विस्थापित उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रबंधन को मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें नौकरी में स्थानीय को प्राथमिकता देने, तृतीय और चतुर्थ पद की नौकरी स्थानीय को देने की मांग की गयी।

# मॉब लिंचिंग पर सत्ताधारी दल के नेताओं की चुप्पी शर्मनाक: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा की लातेहार के हेसला गांव में दो आदिवासी वृद्धों की मॉब लिंचिंग कर हत्या कर दी गयी। छोटी छोटी बातों पर बड़े-बड़े बयान देने वाले सत्ताधारी दल के तमाम नेताओं के मुंह पर ताला लग जाता है। यह बेहद शर्मनाक बात है की प्रदेश सरकार खुद को आदिवासियों का सरकार कहती है। फिर भी आदिवासियों के साथ निरंतर डायन बिसाही के नाम पर मॉब लिंचिंग की घटनायें हो रही है। प्रतुल ने कहा इस मुद्दे पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की खामोशी भी आश्चर्यजनक है। दलित आदिवासी के हितों के मुद्दों पर हमेशा कूच करने का नाटक करने वाले भाई-बहन की राजनीति भी एक्सपोज्ड हो गयी है। झारखंड में वे इसलिए खामोश है क्योंकि उनकी पार्टी गठबंधन सरकार का हिस्सा है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में स्थित हेसला गांव का दौरा कर ग्रामीणों से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली थी। प्रतुल ने कहा की पूरे गांव में अभी भी भय का माहौल है। प्रशासन को चाहिए इस भय के माहौल को समाप्त कर गांव से भागे निर्दोष ग्रामीणों को वापस लौटने का रास्ता प्रशस्त करें।

# ट्रेन की चपेट में आने से सीसीएल कर्मी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** क्षेत्र के सारूबेड़ा खिजुरिया टोला समीप गुरूवार की सुबह मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक सीसीएलकर्मी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना की सूचना के बाद पहुंची कुजू पुलिस ने क्षत-विक्षत स्थिति में शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, सारूबेड़ा निवासी पुण्डी परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मी बिनोद उरांव (46 वर्ष) पिता स्व एतवा उरांव चैनपुर व करमा हाट रेलवे स्टेशन पोल संख्या 83/20-83/18 के बीच खिजुरिया टोला के पास मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वही, परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-23-24-1, दिनांक 02.05.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची मंडल में टॉवर वैगनों के कमिन्स निर्मित 07 अदद इंजनों के लिए 2 वर्षों की अवधि हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध ('बी' एवं 'सी' चेक)। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,05,09,865.89। **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 2,02,600; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 24.05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा: www.ireps.gov.in;** निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-130)

## डीसी ने किया आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण

**पतरातू (आजाद सिपाही संवाददाता) ।** रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने गुरुवार को सबसे पहले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय पतरातू पहुंची। यहां पर उन्होंने छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्या सुनी और छात्रों को मन लगाकर पढ़ने की बातें कहीं। उसके बाद डीसी ने पतरातू अंचल में बन रहे 100 शैया वाले प्री फैब्रिकेटेड अस्पताल का निरीक्षण किया। वहीं डीसी ने पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर बीते दिन बच्चे की मौत के मामले को लेकर डॉक्टरों से जानकारी ली। इस मौके पर पतरातू बीडीओ हरी नाथ महतो, अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे मुखिया गिरजेश कुमार मौजूद थे।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र सखंया 39 दिनांक 03.05.2023 के अनुसार **मैं चिन्ता देवी,** पिता कैलाश राणा, उम्र लगभग 36 वर्ष धर्म हिन्दु, राष्ट्रीयता भारतीय निवासी साकिन ग्राम-बेकोबार, पो.-बेकोबार, थाना-कोडरमा, जिला कोडरमा, झारखंड, शपथ पूर्वक हल्फन ब्यान करती हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त पत्ते की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार संख्या 9402 7725 2587 है।
3. यह कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम चिन्ता देवी दर्ज है।
4. यह कि मेरा बैंक ऑफ बडौदा खाता संख्या 12070100000637 में मेरा नाम सुनिता देवी दर्ज है।
5. यह कि इस प्रकार चिन्ता देवी और सुनिता देवी दोनों मेरा ही नाम है और दोनों नामों से जानी वो पहचानी जाती हूं।
6. यह कि उपरोक्त विवरणी सत्य वो सही है। असत्य पाये जाने पर मैं स्वंय जिम्मेवार होउंगी।

**शपथ पत्र**

**नोटरी पब्लिक, नगर उंटारी**

शपथ पत्र संख्या 2094 दिनांक 01.05.2023 के अनुसार मैं, राज कुमार साव, पिता-रामजी साव, उम्र 57 वर्ष सा.-चेचरिया, पो.+थाना नगर उंटारी, जिला- गढ़वा राज्य-झारखंड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथपूर्वक निम्नांकित व्यान करता हूं:-

1. यह कि मैं सा.-चेचरिया, पो.+ थाना नगर उंटारी, जिला-गढ़वा का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राज कुमार साव, पिता-रामजी साव है। तथा पोस्ट ऑफिस के खाता में मेरा नाम राज कुमार गुप्ता, पिता-रामजी साव है।
3. यह कि राज कुमार साव, पिता-रामजी साव एवं राज कुमार गुप्ता, पिता-रामजी साव ये दोनों नाम मेरा है तथा में इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं जो पूर्णतः सही व सत्य है।
4. यह कि मैं उपरोक्त आशय का शपथ पत्र निष्पादन कर रहा हूं कि जिससे सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर अपना दोनों नामा सत्यापित कर सकूं।

### प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर सदर अस्पताल में कार्यक्रम, डीसी हुई शामिल

# डीसी ने 5 टीबी मरीजों को लिया गोद, फूड बास्केट का वितरण

**सक्षम लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार टीबी से ग्रसित मरीजों का करें मदद : डीसी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर गुरुवार को सदर अस्पताल रामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसी माधवी मिश्रा शामिल हुई। इस दौरान डीसी के द्वारा विश्व यक्ष्मा दिवस पर 24 मार्च को पांच टीबी मरीजों को गोद लेकर इलाज के दौरान उन्हें फूड बास्केट उपलब्ध कराया। मौके पर डीसी ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए एवं सभी लोग इस में अपना योगदान दें। इस दौरान डीसी ने टीबी रोग को पहचानने और इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने और इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदि के महत्व की सभी को जानकारी दी। साथ ही देश से टीबी रोग को खत्म करने के उद्देश्य से सभी सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने और जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं, उस दिशा में कार्य करने की अपील की।

**सीएस, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सहित कई डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया मरीजों गोद :** कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने 5 मरीजों, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ उदय श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक अग्रवाल के द्वारा 2-2 मरीजों और कंसल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल, जिला लेखा प्रबंधक हिना वर्णवाल, अस्पताल प्रबंधक अतिंद्र उपाध्याय, जिला यक्ष्मा कार्यालय के रविंद्र कुमार के द्वारा एक-एक टीबी मरीज को गोद लेते हुए फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 मई, 2023
www.azadsipahi.in



## लोटा किता गांव में मंडा पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लोटा किता गांव के चापाटांड़ स्थित बुढ़ा बाबा शिव मंदिर में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ शिव पूजा संपन्न हुआ।इसे लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में बुधवार को भक्तों ने शाम को लोटन सेवा एवं विधि विधान से पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया। जहां लोग रात भर छऊ नृत्य और मेले का आनंद लेते रहे। वहीं गुरुवार की सुबह अंगारों पर चलकर फूलखुंदी का आयोजन संपर्क करते हुए अपने असीम आस्था एवं भक्ति का परिचय दिया। पूजा के उपरांत प्रसाद ग्रहण कर व्रत संपूर्ण किया। इस पूजा में काफी संख्या व्रती महिलाएं भी शामिल हुए एवं आग पर चलकर व्रत पूर्ण किया।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के पेडाइडीह टोला डुबूडीह में गुरुवार की दोपहर बैधनाथ महतो (52) और उसके दो बेटे शक्ति पद महतो व सूरज कुमार महतो की जमीन विवाद को लेकर पड़ोसी कमल कोइरी, विष्णु देव महतो और ज्योती लाल महतो द्वारा लाठी डंडे से बुरी तरह पिटाई कर घायल कर देने का आरोप है। तीनों घायलों का तमाड़ अस्पताल में इलाज किया गया है। पिता-पुत्र के सिर में चोट आयी है। इस बाबत बैधनाथ महतो ने तमाड़ थाने में लिखित आवेदन देते हुए हमलावरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, पुलिस जांच कर रही है।

## व्यावसाय करने का प्रलोभन देकर चार लाख की ठगी, भेजा कानूनी नोटिस

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के पालना गांव निवासी हलधर महतो से व्यापार करने का प्रलोभन देकर करीब चार लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकास में आया है। पीड़ित ने इस बाबत रांची निवासी आरोपित रिमा सिंह को वकील के माध्यम से कानूनी नोटिस भेजा है। आरोप लगाया कि विगत सात माह से रिमा ने पैसे तो ले लिया, लेकिन काम नहीं होने की बात कह कर एक चेक दिया था जो बाउंस हो गया।

## केडी मुख्य बाजार में सड़क और फुटपाथ अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई के मूड में खलारी अंचल

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी अंचल द्वारा केडी बाजार में सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में खलारी अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य ने बताया कि केडी बाजार में केडी मुख्य मार्ग का फुटपाथ सहित हिंदुगढ़ी चैक के निकट कनेक्टिंग सड़क पर अतिक्रमण का मामला संज्ञान में आया है। अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पहले व्यवसायी संघ के माध्यम से संबंधित दुकानदारों को खुद ही अतिक्रमण हटाने को कहा जाएगा। दिए गए समय सीमा में दुकानदार अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो सीधे कार्रवाई होगी। मालूम हो कि केडी रोड के किनारे के दुकानदारों ने नाले का स्लैब, जिसे फुटपाथ के रूप में इस्तेमाल में लाया जाना था, उस पर कब्जा कर लिया है। वहीं हिन्दुगढ़ी चौक के निकट कनेक्टिंग सड़क पर ही दो दुकान का निर्माण कर दिया गया है। खलारी सीओ ने कहा कि किसी भी सड़क का अतिक्रमण करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

## एनके एरिया में किये गये कार्यों की जांच की मांग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** आल इंडिया एससी, एसटी, बीसी इंप्लाइज कोआर्डिनेशन काउंसिल, एनके एरिया अध्यक्ष रविंद्र पासवान द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग को पत्र भेजकर सीसीएल एनके एरिया में कई मुद्दों की जांच की मांग की गई है। जिन विषयों पर जांच की मांग की गई है उनमें सीएसआर अंतर्गत मुक्तिधाम का अधूरा निर्माण, केडीएच में प्रस्तावित चंद्रशेखर आजाद वाटिका, केडीएच विस्तारीकरण में बाहरी लोगों को किया गया मुआवजा भुगतान, स्वास्थ्य कैंप के नाम पर खानापूर्ति, कोयला खनन में सुरक्षा नियमों की अनदेखी, कोयला खनन के बाद जमीन को कृषि योग्य बनाकर रैयतों को नहीं दिया जाना आदि शामिल है।

## जेहलीटांड़ का पुल जर्जर, आमजनों के लिए खतरा की आशंका



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के जेहलीटांड़ में सोनाडुबी नदी के ऊपर बना पुल काफी जर्जर अवस्था में है। वर्ष 2009-10 में जेहलीटांड़ में पुल का निर्माण किया गया। आज देख रेख के अभाव में पुल के दोनों साइड में बना रेलिंग जर्जर हो कर लगभग ध्वस्त हो चुका है। पुल की जहां रेलिंग जर्जर हो गयी है वहीं सतह भी बहुत जगह से खराब हो चुकी है। जिस कारण मवेशियों व आमजनों के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। इससे पहले यह पुल छलटा पुल के नाम से जाना जाता था। इस पुल से सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का भी आवागमन होता हैं। जिनके साथ कभी भी कोई घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। आस पास के ग्रामीणों ने पुल को मरम्मतीकरण के लिए क्षेत्र के प्रतिनिधियों से पहल करने की गुहार लगाई है।

## पिपरवार में बेमौसम बारिश से मौसम हुआ सुहाना



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बुधवार की रात और गुरुवार को हुई झमाझम बारिश के बाद पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है। जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल से कोयलांचल क्षेत्र के आसमान में बादल छाया हुआ है, जिसके बाद लगातार यहां रूक-रूककर बारिश हो रही है। इससे सड़कों पर पूरी तरह से जल जमाव देखा गया। बारिश और तेज हवाओं के कारण कोयलांचल के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति भी ठप रही। वहीं गर्मी के इस मौसम में लोगों को ठंड का एहसास भी हो रहा है। इधर बदलते इस मौसम में चिकित्सकों में छोटे-छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। सर्द और गर्म के इस मौसम मे बच्चों से लेकर बड़ों तक मौसमी बीमारियों से भी ग्रसित हो रहे हैं।

### प्रमुख-उप प्रमुख ने तोरपा के निर्माणाधीन अस्पताल का किया निरीक्षण

# बाल श्रमिकों से भवन निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार: रोहित

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीन और उप प्रमुख संतोष कर ने गुरुवार को तोरपा रेफरल अस्पताल में बन रहे 50 बेड वाले आधुनिक अस्पताल और प्रखंड परिसर में बन रहे स्टाफ क्वार्टर का निरीक्षण किया। निमार्णाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण करते हुए दोनों जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि संवेदक बाल श्रमिकों से काम करा रहा है। अस्पताल भवन के निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है। प्राक्कलन के अनुसार ठेकेदार काम नहीं करवा रहा है। उन्होंनें कहा कि पंश्चिम बंगाल और अन्य जगहों से ठेकेदार नाबालिग लड़कों को लाकर कम मजदूरी में काम कराते है। आरोप लगाया कि गुरुवार को जब प्रमुख और उप प्रमुख अस्पताल भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे, तो ठकेदार के मुशी अजय कुमार यादव ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हालांकि मुंशी ने इस बात से साफ इनकार किया कि बाल मजदूरों से काम कराया जा रहा है। वहां के लड़कों से पूछे जाने पर बताया कि वे घूमने आये हैं। वहीं, उप प्रमुख ने कहा कि इसके पहले भी जब विधायक कोचे मुंडा ने निर्माण कार्य की जांच की थी, उस समय भी उन्होंने नाबालिग लड़कों से मजदूरी कराने के संबंध में पूछा था। उस समय भी मुंशी ने कहा था कि वे मजदूरी करने नहीं, बल्कि घुमने आये हैं। छह महीने के बाद भी वे बच्चे काम करते हुए पाए गए और उस समय भी मुंशी ने कहा था कि बच्चे घूमने आए हैं।



तोरपा रेफरल अस्पताल में स्टाफ क्वार्टर का निरीक्षण करते प्रमुख-उप प्रमुख व अन्य।

### ठेकेदार बाहर से ला रहा मजदूर : संतोष

उप प्रमुख संतोष कर ने कहा कि तोरपा और आसपास के गांवों के लोग रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं और अस्पताल निर्माण की कायारीं ऐजेंसी शंकर इंटरप्राइजेज बंगाल और अन्य स्थानों से मजूदर लाकर काम करा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के निर्माण कार्य में एक भी स्थानीय मजदूर या राजमिस्त्री को काम पर नहीं लगाया गया है। तोरपा प्रखंड परिसर में बन रहे स्टाफ क्वार्टर के निर्माण में भी घटिया ईंट और सरिया का प्रयोग करने का आरोप दोनों जनप्रतिनिधियों ने लगाया है।

# परिवहन सचिव से मिला बस मालिकों का प्रतिनिधिमंडल खूंटी के मोटर यान निरीक्षक को अवलिंब हटाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला परिवहन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल चुके बस मालिकों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची में परिवहन सचिव के श्रीनिवासन और संयुक्त परिवहन सचिव प्रदीप कुमार से मिला और एमवीआई पर बसों का फिटनेस प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर बस मालिकों को बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए खूंटी के मोटर यान निरीक्षक(एमवीआई) शाहनवाज को हटाने की मांग की। बस मालिकों ने खूंटी में रजिस्टर्ड वाहनों का प्रदेश के किसी अन्य जिलों से भी फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने का निर्देश जारी करने की मांग की। बस मालिकों का आरोप है कि फिटनेस के लिए ऑनलाइन शुल्क जमा करने के बावजूद फिटनेस प्रमाण पत्र बनाने में तरह-तरह के नियम कानून का हवाला देते हुए एमवीआई बस मालिकों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। एमवीआई की इस कार्यशैली से वाहन मालिक अपने वाहनों का खूंटी में रजिस्ट्रेशन कराना नहीं चाह रहे हैं। बस मालिकों ने परिवहन सचिव से उनकी मांगों पर अविलंब कार्रवाई करने का आग्रह किया। परिवहन सचिव ने बस मालिकों की परेशानियों को ध्यान से सुना और समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। परिवहन सचिव से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में खूंटी जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, अरूण साबू, विपिन भगत, कृष्ण मोहन सिंह और उलेश्वर ओहदार शामिल थे।

### बस मालिकों के आरोप निराधार : एमवीआई

वहीं, खूंटी के मोटरयान निरीक्षक शाहनवाज ने बस मालिकों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया है। कहा कि सच्चाई यह है कि फिटनेस के लिए बसों का ऑनलाइन आवेदन ही जमा नहीं किया गया है। अब तक मात्र तीन बसों का ही ऑनलाइन आवेदन जमा है। इसपर उक्त बसों की जांच कर नए सिरे से टैक्स जारी किया गया, लेकिन बस मालिकों ने टैक्स जमा नहीं किया है। इसलिए उनका आवेदन अंतिम स्टेज में लंबित है। एमवीआई का कहना है कि विभाग द्वारा वाहन मालिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन आवेदन में वाहन मालिक अपनी सुविधा के अनुसार अपॉइंटमेंट की तिथि निर्धारित कर सकते हैं, लेकिन वाहन मालिक ऑनलाइन आवेदन न कर उन पर गलत आरोप मढ़ रहे हैं।

## खूंटी से चोरी हुआ वाहन रामगढ़ से बरामद, एक गिरफ्तार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के पिपराटोली से लगभग डेढ़ माह पूर्व 21 मार्च को चोरी हुए क्रूजर सवारी वाहन को खूंटी पुलिस ने रामगढ़ के गोला रोड कैथा स्थित एक कबाड़ी की दुकान से बरामद कर लिया है। इस संबंध में उक्त वाहन का सौदा करते रामगढ़ गोलपार्क मस्जिद के समीप रहने वाले अहमद हुसैन को भी मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना मिली कि खूंटी से चुराए गए उक्त वाहन की खरीद-बिक्री की बात रामगढ़ में की जा रही है। इस सूचना पर खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए रामगढ़ की उक्त कबाड़ी दुकान में रामगढ़ पुलिस के सहयोग से चुराए गए वाहन को बरामद कर लिया।

## मांगों को लेकर जनसेवकों का धरना



धरना प्रदर्शन करते लोग।

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण (तत्कालीन कृषि, गन्ना विकास विभाग) झारखंड की ओर से जनसेवको का ग्रेड पे 2400 से घटाकर दो हजार रुपये करने के आदेश के विरोध में गुरुवार से झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ द्वारा क्रमिक आंदोलन शुरू किया गया। जनसेवक संघ खूंटी इकाई के बैनर तले जनसेवकों ने समाहरणालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। धरना में जिले के सभी जनसेवक शामिल हुए और सरकार के आदेश का पुरजोर विरोध किया। संघ की ओर से निर्णय लिया गया कि मांगों के पूर्ण होने तक यह आंदोलन जारी रहेगा और भविष्य में इसे और तेज किया जाएगा। इस दौरान मौके पर देवेंद्र कुमार, राजेंद्र मेंजरा, नलिन कुमार, अनगोल होरो, प्रमोद कुमार घनश्याम ओहकर, जय नारायण सिंह विंझिया, अभिल महतो, रवि रंजन पाठक, नीति रतन मुंडू और कमलेश कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### विधायक ने किया किफायती योजना के 42 लाभुकों के बीच आवासों का आवंटन

# अधूरे आवासों का निर्माण जल्द पूरा करें : नीलकंठ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नगर पंचायत कार्यालय की ओर से स्थानीय कन्या मध्य विद्यालय ऑडटोरियम में गुरुवार को विधायक नीलकंठ सिंह मुण्डा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक-3 (जमुवादाग किफायती आवास परियोजना) के फ्लैट-आवास आवंटन किया गया। जमुवादाग किफायती आवास परियोजना के 100 लाभुकों के लिए तीन ब्लॉक में फ्लैटनुमा आवास का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ब्लॉक ए में 80 फ्लैट और ब्लॉक बी में 20 फ्लैटनुमा आवास का निर्माण किया जाना है। एक फ्लैट का आकार 27/30 वर्ग मी (313 वर्गफीट) है। आवास परिसर में जलापूर्ति, सड़क, नाली, जल संचयन, सीवरेज- ड्रेनेज, स्ट्रीट लाईट, तार घेराबंदी, मुख्यद्वार, पार्किंग, पार्क और ग्रीन एरिया की सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना की कुल लागत 5.98 लाख है जिसमें केंद्राशं 1.50 लाख और राज्यांश एक लाख रुपये कुल 2.50 लाख की अनुदान सुविधा है। लाभुक अंशदान कुल 3.48 लाख रुपये है, जिसे पांच किस्तो में लाभुकों को दिया जाना है। कार्यलय को प्राप्त 122 लाभुकों के आवेदन सह सहमति पत्र के सत्यापित होने के बाद 42 लाभुकों का नगर विकास और आवास विभाग झारखंड सरकार के मार्गदर्शिका के अनुरूप लॉटरी प्रणाली के माध्यम से विधायक नीलकंठ सिंह मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में आवंटन कियाग या। विधायक ने कहा कि परियोजना से खूंटी के जरूरतमंदों और आवास विहीन नागरिकों को आवास मिलने पर खुशी हुई। कहा कि अधूरे फ्लैटों का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी और ज्यादा होगी जब सभी लाभुकों को सपनों का आशियाना मिलें और जल्द से जल्द गृह प्रवेश कराया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी ने आवास परियोजना के गुणात्मक क्रियान्वयन, उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यपालक पदाधिकारी ने परियोजना की विस्तृत विवरणी और निर्माणधीन आवास को जल्द पूरा करने का निदेश दिया। फ्लैटनुमा आवास आवंटन कार्यक्रम में प्रबुद्ध जन, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, पूर्व पार्षद संदीप आनन्द, कार्यालय पदाधिकारी, नगर प्रबंधक विपिन विमल टोप्पो, अफताब आलम, विनीत कुमार, संतोष कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रकोष्ट के कर्मी, जुडको के पदाधिकारी, बैंक के पदाधिकारी उपस्थित थे।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## 2374 किलो अफीम डोडा बरामद, दो गिरफ्तार



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला पुलिस और एसएसबी हूंट ने गुरुवार को मरंगहादा थाना क्षेत्र के कातुद गांव के तीन मुहना रोड के पास दो पिकअप वाहनों पर लदे 125 बोरों में 2374 किलो 900 ग्राम अवैध डोडा बरामद किया है। लगे हाथ सहदेव मुंडा (20) और अशोक कुमार अहीर (18 ) को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बुंडू थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमत कुमार ने गुरुवार की शाम प्रेस विज्ञप्ति कर बताया कि दोपहर दो बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मारंगहादा थाना क्षेत्र के केतुद स्थित तीन मुहाना रोड के पास कुछ लोग अवैध डोडा को प्लास्टिक के बोरे में भरकर दो पिकअप वाहनों पर लादकर बुंडू की तरफ ले जाने की फिराक में हैं। एसपी अमन कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार और एसएसबी हूंट के सहायक कमांडेंट अजीत उपाध्याय के नेतृत्व में छापामार दल का गठन किया गया। टीम ने कातुदगांव के पास दोनों वाहनों को जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पिकअप वाहनों में एक का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 बीएल 9963 है जबकि दूसरा बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का है। इसके अलावा एक बाइक और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। वहीं, छापामारी दल में एसडीपीओ अमित कुमार, एसएसबी हूटं के सहायक कमांडेंट अजीत उपाध्याय, मारंगहादा थाना प्रभारी अजय कुमार भगत, एसआई हरि महतो के अलावा मारंगहादा थाना व एसएसबी हूंट के सशस्त्र बल भी शामिल थे।

## अधिक संख्या में एनसएस से जुड़ें विद्यार्थी : डॉ ब्रजेश



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कालेज के मल्टीपरपज हाल में गुरुवार को एनएसएस की ओर से आरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस के समन्वयक (रांची) डॉ ब्रजेश कुमार भी उपस्थित थे। प्रोग्राम आफिसर डॉ पुष्पा सुरीन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। वहीं, राज कुमार गुप्ता ने सेवा संबंधी जानकारी दी और उन्हें मिलकर काम करने को कहा। डॉ ब्रजेश कुमार ने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के योगदान का उल्लेख किया और उनसे सीख लेने की बात कही। उन्होंने सिमोन उरांव के जल संरक्षण संबंधी जानकारी दी। चाकुलिया की यमुना टुडू जो महिलाओं का समूह बना कर पेड़ों की रक्षा करती हैं, ने कहा कि उन्हें लेडी टार्जन की उपाधि दी गई है। छात्र-छात्राओं को अधिक संख्या में एनएसएस से जुड़ने को कहा। मौके पर बिरसा कॉलेज में छात्र- छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। एनएसएस वालिंटियर नवीन कुमार ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस क्लैप सिखाया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य जी किड़ो, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पुष्पा सुरीन, कार्यक्रम पदाधिकारी तारीफ लुगून, डॉ संगीता सुरीन, राज कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आठवीं की छात्रा ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के तोरपा रोड पीपल चौक के समीप स्थित छत्रपाल नगर में अपनी नानी के घर में रहकर खूंटी के आदर्श विद्यालय में पढ़ाई कर रही आठवीं की छात्रा शिल्पा हेंब्रम (13) ने गुरुवार की दोपहर घर में ही दुपट्टा से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार घटना के समय उसकी नानी पड़ोस में कहीं गई थी। वापस घर लौटने पर शिल्पा को फंदे से झूलता देख उसकी नानी के होश उड़ गए। बाद में घटना की जानकारी पास पड़ोस के लोगों के साथ ही खूंटी पुलिस को दी गई। दूसरी ओर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और आवश्यक पड़ताल एवं शव का पंचनामा करने के बाद शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। उसकी नानी के अनुसार शिल्पा लगभग एक पखवाड़े से गुमसुम रह रही थी।

## खूंटी में मिला कोरोना का एक और मरीज

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले में सक्रिय एक कोरोना मरीज के मंगलवार को स्वस्थ हो जाने के बाद कोरोना मुक्त हुए खूंटी जिले में दो दिन बाद यानी गुरुवार को फिर कोरोना का एक संक्रमित मरीज पाया गया। कोरोना मरीज खूंटी प्रखंड का रहने वाला है। जारी रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को दो सैंपल का ट्रूनेट और 29 का रैपिड एंटीजन किट से कोरोना की जांच की गई। इनमें से रैपिड एंटीजन किट की जांच में एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव मिला। जांच रिपोर्ट के बाद कोरोना पॉजिटिव मरीज को समुचित दवा व आवश्यक दिशा निर्देश देकर घर में ही आइसोलेट कर दिया गया है।

## पिपरवार पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



पिपरवार (आजाद सिपाही)। चतरा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पिपरवार पुलिस ने थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर गुरुवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट और वाहनों के कागजातों की जांच की गई। बिना हेलमेट पहने बाईक सवार का सघन जांच किया गया। साथ ही बिना हेलमेट पहने बाइक सवार को हेलमेट पहनकर चलने का निर्देश देकर छोड़ दिया गया। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान चलाकर क्षेत्र में दो पहिया वाहन चालकों को अलर्ट कर दिया गया है। जो चालक बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे थे उन्हें हिदायत दी गई है। जिन वाहनों के कागजात दुरुस्त नहीं थे, उसे दुरुस्त करा लेने के लिए कहा गया है। पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, एएसआई राजेश टोप्पो, विशाल कुमार, शैलेश सिंह सहित थाना के सशस्त्र बल जवान इस अभियान में शामिल थे। यह अभियान बचरा झूला पुल और बचरा पेट्रोल पंप के पास चलाया गया।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में 6 को होगा प्रबंध समिति का गठन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में शनिवार को एक आवश्यक बैठक बुलायी गयी है। बैठक में नए प्रबंध समिति का गठन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक मनोज कुमार चंद्रा ने क्षेत्र के सभी अभिभावकों से स्कूल के सफल संचालन एवं विकास को लेकर प्रबंध समिति के गठन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि उक्त तिथि और समय पर पहुंच कर विद्यालय को बेहतर प्रबंधन के साथ संचालित करने में सहयोग करें।

## वरिष्ठ कांग्रेसी अंबिका प्रसाद साहू का निधन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। रांची जिला ग्रमीण कांग्रेस के महासचिव अजय साहू के पिता वरिष्ठ कांग्रेसी अंबिका प्रसाद साहू का 80 वर्ष की उम्र में गुरुवार को रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। इस खबर से तमाड़ में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार गागरसतीया घाट में देर शाम कर दिया गया। वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गये हैं।

## डीआइजी अनूप बिरथरे ने पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय मांडर का किया निरीक्षण



**मांडर (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआईजी अनूप बिरथरे ने रांची जिला के पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय मांडर का निरीक्षण किया। डीआईजी सुबह करीब 11.30 बजे रांची की तरफ से आये। निरीक्षण के क्रम में रांची जिला पुलिस बल की ओर से उन्हें सलामी दी गई। डीआईजी ने सबसे पहले ऑफिस का निरीक्षण किया। साथ ही साथ थाना के मालखाने, बंदीगृह सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने पुलिस निरीक्षक के ऑफिस में बैठ कर आपराधिक रजिस्टर, स्टेशन डायरी, केस की प्रगति रिपोर्ट की भी जांच की। उन्होंने क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर सख्ती से नियंत्रण करने के निर्देश दिए। साथ ही कांडों का निष्पादन जल्द से जल्द करने को कहा। इस दौरान मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार, बुढ़मू, ठाकुरगांव थाना प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक अवधेश ठाकुर के साथ खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी मौजूद रहे।

## अनगड़ा पुलिस ने हेसल रिंग रोड में हुई सरिया चोरी के आरोपियों को भेजा जेल



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। विगत मार्च महीने में हेसल रिंग रोड में हुई सरिया चोरी की घटना में लिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पकड़े गये आरोपियों में चिलदाग गांव निवासी मनान अंसारी पिता समशेर अंसारी तथा महेशपुर गांव निवासी हसन खान उर्फ धौनी पिता स्व. अजीज खान शामिल हैं। ये दोनों अनगड़ा थाना कांड सं. 18/23 के वांछित थे। घटना के बाद से ये दोनों फरार चल रहे थे। बुधवार की रात पुलिस ने दबिश देकर इन्हें गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार की सुबह दोनों को जेल भेज दिया गया।

## ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने बीडीओ से हेसल में लाइब्रेरी बनाने की मांग की



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक ने हेसल गांव में अति जर्जर हो चुके पुराने पंचायत भवन को ध्वस्त कर वहां लाइब्रेरी बनाने की मांग बीडीओ उत्तम प्रसाद से की है। उन्होंने कहा कि इस जर्जर पंचायत भवन का अब कोई उपयोग नहीं रह गया है। इसके स्थान पर लाइब्रेरी का निर्माण कर दिये जाने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा। मौके पर विष्णु महतो आदि मौजूद थे।

## झारखंड कुम्हार महासभा ने गिरधारी महतो की पुत्री की शादी में किया आर्थिक सहयोग



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड कुम्हार महासभा ने नवागढ़ पंचायत के सोसो नवागढ़ निवासी गिरधारी महतो की पुत्री की शादी कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग कर मानवता की मिसाल पेश की है। सभी समाज को इस तरह समाजिक उत्थान हेतु कार्य करना चाहिए। इस पुनित कार्य में प्रसाद महतो, संजीत प्रजापति, तापेश्वर महतो, विनय महतो, सिताराम महतो, गम्भीर महतो आदि का अहम योगदान रहा।

## श्रमदान और भूदान कर ग्रामीणों ने कब्रिस्तान जाने की सड़क बनायी



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के इजाफे पंचायत के पूर्व टोला गांव से कब्रिस्तान तक लगभग 1000 फीट भूदान और श्रमदान कर ग्रामीणों ने सड़क बनाई। जब भी गांव में किसी की मृत्यु हो जाती तो उसे दफनाने के लिए गांव के कब्रिस्तान ले जाने में सड़क संकीर्ण होने की वजह से काफी परेशानी होती थी। वर्षों से इस समस्या का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा था। अंजुमन ने गांव में बैठक कर सड़क निर्माण करने का फैसला लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 1000 फीट भू-दान और श्रम-दान करके सड़क का निर्माण किया। इस सड़क निर्माण कार्य में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य ऐनुल हक अंसारी, अंजुमन के सदर मतीउर रहमान, मुखिया लाखो उरांव, आजसू नेता सफीउल्लाह अंसारी, जब्बार अंसारी, ताजीम, भू-दान करने वाले अलीम अंसारी, मौलाना इदरीश, वकील अंसारी, समीर अंसारी, साजिद अंसारी, जुबेर, हाफिज नईम, जफर अंसारी, रफीक अंसारी का योगदान रहा।

## शिव शक्ति मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के पांडु गांव स्थित शिव शक्ति मंदिर की प्रथम वर्षगांठ भक्तिमय एवं हर्षोल्लास से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत कलशयात्रा से हुई। कलशयात्रा को जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुशवाहा और समाजसेवी शंकर महतो ने भगवा झण्डा दिखाकर रवाना किया। कलशयात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर भगवान भोलेनाथ के जयकारे के साथ स्वर्णरेखा उदगम स्थल रानी चुवां पहुंची जहां पं. अभिषेक शास्त्री के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाए। फिर परंपरागत मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। फिर पं. शास्त्री के द्वारा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती का पाठ, श्रृंगार पूजा के साथ 108 दीया से महाआरती और फिर प्रसाद वितरण के साथ पूजा का समापन हुआ। मौके पर मुख्य पुजारी फुलेंद्र महतो, आशु महतो, प्रदीप तमकार, मुकुंद नायक, चमरा नायक, शंकर नायक, कर्मा लोहरा मुख्य पुजारी के रूप में सपत्नीक शामिल हुए।

**कार्यक्रम : नरकोपी में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन का उद्घाटन, सांसद सुदर्शन भगत ने कहा**

# आधुनिक सुविधाओं से युक्त थाना भवन के बन जाने से पुलिस को कार्य करने में सुविधा होगी

> आधुनिक थाना भवन से पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को भी काफी सहुलियत होगी : विधायक शिल्पी नेहा तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के नरकोपी में नवनिर्मित मॉडल थाना भवन का उद्घाटन गुरुवार को सांसद सुदर्शन भगत, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर व एसएसपी कौशल किशोर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त थाना भवन के बन जाने से पुलिस को कार्य करने में काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ-साथ पुलिस को अपनी कार्यशैली में भी बदलाव लाना होगा। जनता के साथ दोस्त के जैसा व्यवहार करने की जरूरत है।

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित थाना भवन बन जाने से पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ थाना क्षेत्र के लोगों को काफी सहुलियत होगी। पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि पुलिस जनता के साथ समन्वय बना कर कार्य करे। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा यहां पदस्थापित पुलिसकर्मियों को आज नया भवन मिल रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि पुलिसकर्मी इसका सदुपयोग करते हुए आम जनता की समस्याओं व परेशानियों को दूर करने प्रयास करेंगे।

एसएसपी कौशल किशोर ने कहा कि जनप्रतिनिधि और आमजन के सहयोग से पुलिस अच्छा व बेहतर कार्य करेगी।

वहीं मौके पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, डीएसपी रजत मणिक बाखला, बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की, बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि व कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## सीएमपीडीआइ में नौकरी दिलाने के नाम पर 93 लाख रुपये की ठगी, चार ठगों के खिलाफ रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

> रातू क्षेत्र के दर्जनों लोग हो चुके हैं ठगी के शिकार

**रातू।** थाना क्षेत्र के ललित ग्राम निवासी तीन लोगों के द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर 93 लाख रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भुक्तभोगियों ने रातू थाने में ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने भादवि की धारा 406 व 420 के तहत कांड संख्या 181/23 दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक रातू ललितग्राम के रहने वाले बबिता देवी पति संजय कुमार सिन्हा व पुत्र सुभम सौरव ने सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड में नौकरी दिलाने के नाम पर दर्जनों लोगों को अपना शिकार बनाते हुये लगभग 93 लाख रुपये की ठगी कर ली। संजय कुमार सिन्हा सीएमपीडीआई में कार्यरत हैं। वहीं पत्नी बबिता देवी ललित ग्राम स्थित साक्षी गारमेंट की प्रोपराइटर हैं। साक्षी गारमेंट में ही नौकरी से संबंधित बातचीत व यूपीआई तथा नगद रुपये लिए जाते थे। ठगी के शिकार गोविंदनगर निवासी रंजीत कुमार से भी यूपीआई के माध्यम से 20 लाख रुपये की ठगी की गयी। 17/4/23 को रंजीत कुमार को 15 दिनों के अंदर रुपये लौटाने का समझौता के बाद ठगों ने चेक भी दिया था परन्तु चेक बाउंस हो गया। इसके उपरान्त भुक्तभोगी रंजीत कुमार व अन्य ने रातू थाने में संजय कुमार सिन्हा, पत्नी बबिता देवी व पुत्र सुभम सौरभ के खिलाफ लगभग 93 लाख रुपये ठगी करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

**इन लोगो से हुई है ठगी :** अंशु देवी पति रंजीत कुमार से 25 लाख, रंजीत कुमार पिता बाल्मीकि साव से 20 लाख, अनिता देवी पति बैजू कुमार से 12 लाख 40 हजार, निशिकांत कुमार पिता जगत महतो से 10 लाख, किरण देवी पति विपिन सिंह से 5 लाख, रेशमी कुमारी पति निशिकांत सिंह से 5 लाख, किरण कुमारी पति रंजीत कुमार से 4 लाख 50 हजार, उत्तम कुमार पिता वरुण बिहारी से 4 लाख, उमा देवी पति मुरारी प्रसाद से 3 लाख, अनिता देवी पति उत्तम कुमार से 2 लाख, रूबी देवी पति अश्विनी शर्मा से 1 लाख 20 हजार, रंजीत कुमार पिता चन्द्र गुप्ता से 80 हजार रुपये की ठगी की गयी है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता रैली सह रात्रि चौपाल का आयोजन




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नगड़ी पंचायत में महतो टोली आंगनबाड़ी केन्द्र के समीप स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता रैली सह रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित नगड़ी पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव, ग्राम प्रधान गणेश पाहन, पंचायत समिति सदस्य शीला देवी, प्रखंड कोर्डिनेटर प्रभावित तिवारी, जल सहिया रिंकी देवी, मीना देवी, दीपक केशरी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका सहिया सह स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण मौजूद थे।

## महर्षि मेंहि परमहंस महाराज की 139वीं जयंती पर भजन संध्या स्तुति प्रार्थना का आयोजन

> सद्गुरु महर्षि मेंहि परमहंस जी महाराज के बताए मार्ग में चलकर ही मानव कल्याण हो सकता है : प्रवचनकर्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** संतमत सत्संग समिति नगड़ी के तत्वावधान में सद्गुरु महर्षि मेंहि परमहंस जी महाराज की 139वीं जयंती के अवसर पर भजन संध्या स्तुति प्रार्थना सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में संतमत सत्संग के अनुयायियों ने भाग लिया।

जयंती समारोह का शुभारंभ सद्गुरु महर्षि मेंहि परमहंस जी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। सुबह साढ़े पांच बजे प्रभात फेरी निकाली गई। उसके बाद स्तुति प्रार्थना और सत्संग का आयोजन किया गया। मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों संतमत के शिष्यों के बीच प्रवचनकर्ता सरयू केसरी और केशव सोनी ने संयुक्त रूप से कहा कि सद्गुरु महर्षि मेंहि परमहंस जी महाराज के बताए मार्ग में चलकर ही मानव कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा कि मानव खान-पान को सुधारें और ध्यान भजन करें। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भंडारा का आयोजन गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद स्वरूप अन्न ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सतीश तुलस्यान, सागर केशरी, लक्ष्मी नारायण, केशरी रोहित केसरी, राधे केसरी, राजु केशरी, रघुवीर केसरी, सुरेश भगत, सिकन्दर साहू सहित समिति के दर्जनों सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

**कार्यक्रम : रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस ने किया ईद मिलन समारोह का आयोजन**

# ईद मिलन समारोह से आपसी सौहार्द बढ़ता है : मंजूर अहमद

> कहा- हिंदू-मुसलमान एक गुलदस्ते की तरह हैं, हमारे बीच की सदियों पुरानी आपसी सौहार्द की मिठास बरकरार रहनी चाहिए



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** मोमिन कॉन्फ्रेंस रांची जिला यूनिट के तत्वावधान में गुरुवार को रांची के मुड़मा में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव मो. सगीर अंसारी उपस्थित थे। ईद मिलन समारोह में आये हुए अतिथियों का मोमिन कॉन्फ्रेंस जिला कमेटी के द्वारा बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंजूर अहमद अंसारी ने कहा कि ईद मिलन समारोह आपसी सौहार्द और भाईचारा का अनूठा मिसाल है। इसका मुख्य मकसद समाज के सभी तबके व समुदाय को आपस में जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुसलमान एक गुलदस्ते की तरह हैं। हमारे बीच की सदियों पुरानी आपसी सौहार्द की मिठास बरकरार रहनी चाहिए। समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने की। संचालन जिला महासचिव सह प्रवक्ता जफर ईमाम ने किया।

समारोह में मुख्य रूप से सदाकत हुसैन, मौलाना अब्दुल जलील अंसारी, प्रखंड प्रमुख दिलीप सहाय, उप प्रमुख अमानत अंसारी, मुस्लिम अंसारी, जाकिर अंसारी, जिला परिषद सदस्य चान्हो आशुतोष तिवारी, शाकिर इस्लाही, आबिद अंसारी, नुररुल्लाह हबीब, महादेव, टिफिल तिग्गा, संजय, महादेव भगत, इरशाद इमाम, जुल्फिकार अली, आलम, सज्जाद हुसैन, जाकिर अंसारी, मतीन अंसारी, सलीम अंसारी, मास्टर सिद्दिक, अख़्तर हुसैन आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सांस्कृतिक पहचान के साथ आस्था और विश्वास का महापर्व है मंडा पूजा : मनोज सिंह



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिव पार्वती के आस्था का महापर्व मंडा क्षेत्र के लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बनाती है। यह आस्था और विश्वास का प्रतीक है। उक्त बातें भाजपा नेता मनोज सिंह ने श्री नवयुवक संघ पूजा समिति बरगावां के तत्वाधान में आयोजित मंडा पूजा के दौरान कहीं। पूजा में कुल 451 भोक्ता व सोक्ताइनों ने दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर महादेव के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा का परिचय दिया। इससे पहले भोक्ताओं ने लोटन सेवा की। पूरे अनुष्ठान को पुरोहित रामानंद पांडेय एवं कैलाश पांडेय के द्वारा विधि पूर्वक कराया गया। पूजा के बाद पुरुलिया बंगाल से आये कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता मनोज सिंह, बरगावां मुखिया अनिता तिर्की, अजीत कुमार, चंद्रिका गोप उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति के कृष्णा गोप, शंकर पांडेय, सुनील पाहन, विमल कुमार, राजू गोप, प्रदीप सिंह, उमेश गोप, डॉ विनोद सिंह, देवानंद, रंजीत कुमार, आनंद प्रकाश, महेश्वर स्वांसी, विवेक तिर्की, वीरेन सिंह, अंजन तिर्की, सुरेन सिंह, रोहित कुमार, विजय कुमार के साथ समिति के सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## पूर्व रेंजर के घर डकैती मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में रिटायर्ड रेंजर रुद्र नारायण प्रसाद के घर हुई डकैती के दो अपराधियों को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि पूर्व रेंजर के घर रेंजर सहित अन्य सदस्यों को बंधक बनाकर डकैती को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया था। गठित पुलिस की टीम ने झारखंड व बिहार में छापेमारी कर पहले ही 10 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, दो अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। जिसे लेकर बराबर पुलिस छापेमारी कर रही थी। गुप्त सूचना पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में चतरा निवासी राजा कुरैशी उर्फ सरफराज और बिहार गया निवासी सोनू कुमार उर्फ विकास शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 25 हजार आठ सौ नगद, दो मोबाईल, एक टेम्पू और एक सोने की चेन बरामद किया है। छापेमारी टीम में एएसपी मुमूल राजपुरोहित, टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, रवि किस्कू, मिथुन कुमार, विमलेश चौधरी, महेश लाल चौधरी शामिल थे।

## सरना स्थल की घेराबंदी कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने गुरुवार को नामकुम प्रखंड क्षेत्र के सोदाग पंचायत में सरना घेराबंदी, महुआ टोली में धुमकुड़िया भवन, सोदाग डहु टोली में स्वास्थ्य उपकेंद्र, डुंगरी पेचायत में चार जगहों पर सरना स्थल की घेराबंदी का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गांवों के विकास को गति देने में सरकार खुल कर खर्च कर रही है। शिलान्यास कार्य में प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिप सदस्य रामवतार केरकेटा, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, रीता होरो, पतरस तिर्की, जीता होरो, रोस लकड़ा, कल्याण लिंडा, मंगरा कच्छप, सजाद अंसारी, रेमिश तिर्की, राम बांडो, टेलेस्फोर मिंज, विजय तिर्की, कुलदीप मिंज, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, इरफान अंसारी के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## डेंटिस्ट डॉ अंजलि मिश्रा ने जिद्दू मध्य विद्यालय में लगाया नि:शुल्क कैंप




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अंजलि मिश्रा के द्वारा गरीबों व असहायों के लिए प्रखंड के जिद्दू गांव के मध्य विद्यालय में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। मध्य विद्यालय में लगाए कैम्प में 70 बच्चों संग शिक्षकों का मुफ्त में इलाज किया गया। सबों को सुबह और रात में ब्रश करने की सलाह दी गयी। डॉ अंजलि मिश्रा ने बच्चों को कहा कि शारीरिक सफाई के साथ ही मुंह की सफाई भी जरूरी है। मुंह की सफाई आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगाता है। बच्चों व शिक्षकों को कहा कि यदि आपके दांतों में किसी भी प्रकार की समस्या हो जाए तो आप ओरमांझी चौक स्थित मंजू डेंटल केयर क्लिनिक में सम्पर्क कर सकते हैं।

## पिठोरिया में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया मदनपुर में नवनिर्मित शिव-हनुमान मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम में गुरुवार को सैकड़ों महिलाओं ने पिठोरिया बाजार टांड़ नया तालाब में पहुंचकर विधिवत गंगा पूजन एवं वरुण पूजन करने के बाद कलश में जल भरकर गाजे-बजे के साथ नगर भ्रमण किया। बाद में पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर मंदिर में पुरोहित एवं आचार्य के द्वारा विधिवत पूजन की शरुआत की गयी। मौके पर विधायक समरी लाल, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक जीतू चरण राम, नरेंद्र मणि मिश्रा, गोपाल महतो, अनिल केसरी, विनोद रजक, शिवदास वर्मा, अरुण केसरी के अलावे यज्ञ समिति के सुरेंद्र गोप, गोपाल कृष्ण ओझा, डॉ जितेंद्र कुमार, दिनेश गोप, विनोद कुमार, मनोज कुमार समेत कई लोगों की अहम भूमिका रही।

